आकाशवाणी जयपुर-अजमेर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक: 27.07.2026 समय: 18.30 पीएम

- लोकसभा में लोक परीक्षा-अनुचित साधन निवारण संशोधन विधेयक-2026 पेश-विपक्ष के हंगामे के कारण संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही आज भी कई बार बाधित।
- राजस्थान उच्च न्यायालय के सभी जज 31 जुलाई और 1 अगस्त को जयपुर पीठ में मुकदमों की सुनवाई करेंगे।
- राज्य में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के विकास के लिए फूड पार्कों और एग्री प्रोसेसिंग क्लस्टरों में आधुनिक तकनीक के उपयोग पर ज़ोर।
- बंगाल की खाड़ी से उठे नये मॉनसूनी तंत्र के असर से राज्य में अगले एक सप्ताह तक बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी के आसार।

000

संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही आज विपक्ष के हंगामे के कारण कई बार स्थगित की गई। शोर-शराबे के बीच ही लोकसभा में लोक परीक्षा-अनुचित साधन निवारण संशोधन विधेयक, 2026 पेश किया गया। कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने यह विधेयक सदन में प्रस्तुत किया। यह विधेयक लोक परीक्षा-अनुचित साधन निवारण अधिनियम, 2024 में संशोधन का प्रावधान करता है। पेपर लीक की रोकथाम के लिए लाए गये इस विधेयक में सख्त प्रावधान किए गए हैं। दोषी पाए जाने पर दस साल तक की जेल, दस करोड़ रुपये तक का जुर्माना और संपत्ति जब्त करने का प्रावधान है। इसके अलावा मामलों का जल्द निपटारा सुनिश्चित करने के लिए, सभी राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों में, विशेष फास्ट ट्रैक अदालतें स्थापित किए जाएंगे, जहां मामलों की रोजाना सुनवाई होगी। विधेयक पेश किए जाने के दौरान विपक्षी सदस्यों ने नीट मुद्दे पर छात्रों के विरोध प्रदर्शन के दौरान कथित पुलिस कार्रवाई पर चर्चा की मांग करते हुए हंगामा किया। इस पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से चलाने और उसकी गरिमा बनाए रखने की अपील की।

---

20 जुलाई से शुरू हुए मॉनसून सत्र की कार्यवाही पेपर लीक मुद्दे और छात्र आंदोलन को लेकर लगातार बाधित हो रही है।

000

राजस्थान हाईकोर्ट के सभी जज 31 जुलाई और 1 अगस्त को जयपुर पीठ में मुकदमों की सुनवाई करेंगे। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजीव प्रकाश शर्मा सहित सभी 39 न्यायाधीश इसमें शामिल होंगे। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव हरिओम अत्री ने बताया कि इस दौरान अंतर्राष्ट्रीय शांति मध्यस्थता सम्मेलन का भी आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि देश के प्रधान न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे।

000

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी आज पाली जिले के दौरे पर रहीं। उन्होंने सोजत में शहरी सेवा फॉलोअप शिविर का जायजा लिया और पात्र लाभार्थियों को जमीनों के पट्टे वितरित किये। उपमुख्यमंत्री ने मारवाड़ जंक्शन ओवरब्रिज तथा सिरियारी, सवराड़ और शिव सागर नदी पर बने पुल तथा विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन और लोकार्पण किया।

000

प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के विकास को नई रफ्तार देने के लिए आज जयपुर में मंथन किया गया। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय के सचिव ए.पी. दास जोशी की मौजूदगी में हितधारकों की बैठक हुई। बैठक में राज्य में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के विकास, नई फूड प्रोसेसिंग यूनिट की स्थापना करने पर जोर दिया गया। फूड पार्कों और एग्रो प्रोसेसिंग क्लस्टरों को बढ़ावा देने के साथ ही नई तकनीक के उपयोग और कारोबारियों को बेहतर सुविधाएं देने पर चर्चा की गई। बैठक में उद्योग प्रतिनिधियों, एमएसएमई, एफपीओ, निर्यातकों, स्टार्टअप्स और बैंकिंग क्षेत्र तथा अन्य स्टैक हॉल्डर्स ने अपने सुझाव दिये। मुख्य सचिव ने कहा कि बैठक में मिले सुझावों के आधार पर जरूरी पहल की जाएगी। केन्द्रीय सचिव श्री जोशी ने कहा कि राजस्थान में कृषि और बागवानी के क्षेत्र में व्यापक संभावनाएं हैं। इस क्षेत्र के जरिये बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा सकते हैं। साथ ही किसानों की आमदनी बढ़ाने में भी इस क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कृषि उत्पादों में मूल्य संवर्धन तथा प्रसंस्करण क्षमता विस्तार करने के लिए राज्य सरकार को हर संभव मदद देने का भरोसा दिलाया।

000

राजस्थान नदी बेसिन और वॉटर रिसोर्सेज प्लानिंग अथॉरिटी की आज जयपुर में बैठक हुई। इसमें राज्य के जल संसाधनों के एकीकृत प्रबंध पर चर्चा की गई। बैठक में मुख्य सचिव ने प्रदेश में जल सुरक्षा, पीने के पानी की आपूर्ति और सिंचाई क्षमता के विस्तार के लिए सभी 11 संबंधित विभागों के साथ चर्चा की। उन्होंने सभी को समन्वय के साथ मिशन मोड पर काम करने के निर्देश दिये। उन्होंने हर बेसिन की समग्र परियोजना तैयार करने और फसल चक्र तथा सतही जल के उपयोग को बढ़ावा देने को कहा। मुख्य सचिव ने बताया कि राज्य में 1990 के दशक के बाद से सभी 16 नदी बेसिन योजनाओं को समय के अनुसार अपडेट किया जा रहा है। इसके तहत आधुनिक तकनीक, जल दक्षता और नहरी सुधारों पर बल देते हुए सिंचाई कमांड क्षेत्र में बढ़ोतरी का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

000

बंगाल की खाड़ी से उठे नये मॉनसून तंत्र का असर प्रदेश के कई जिलों में देखने को मिलेगा। इससे पूर्वी राजस्थान में कल से और उत्तर-पश्चिमी हिस्सों में परसों से बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी के आसार हैं। ये सिलसिला 2 अगस्त तक बना रहेगा। मौसम विभाग ने कल 24 जिलों के लिए बरसात का येलो अलर्ट जारी किया है। इस बीच, आज राजधानी जयपुर में भी कुछ स्थानों पर छितराई बारिश हुई। सवाईमाधोपुर सहित कई जगह लोग उमसभरी गर्मी से बेहाल रहे।

000

पूर्व राष्ट्रपति, महान वैज्ञानिक और मिसाइल मैन के नाम से मशहूर डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की आज पुण्यतिथि है। डॉ. कलाम ने रक्षा और अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में देश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल मन की बात कार्यक्रम में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री मोदी ने डॉ. कलाम को एक प्रेरणादयक शिक्षक के रूप में याद किया।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने डॉ. कलाम को नमन करते हुए कहा कि विज्ञान, नवाचार और राष्ट्र निर्माण के लिए उनमें अद्वितीय समर्पण था। उनके आदर्श और विचार आज भी करोड़ों युवाओं को बड़े सपने देखने और उनको साकार करने की प्रेरणा देते हैं।

000

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल-सी.आर.पी.एफ. का आज 88वां स्थापना दिवस है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस अवसर पर सीआरपीएफ कर्मियों के अदम्य साहस और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की है। अपने शुभकामना संदेश में श्री मोदी ने माओवाद के खतरे को समाप्त करने में सीआरपीएफ के प्रयासों को विशेष बताया है। देश की आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करने और चुनौतीपूर्ण हालात में नागरिकों की सेवा सीआरपीएफ कर्मियों के लिए सर्वोपरि रही है। एक रिपोर्ट

000

संत गुरु रविदास की 650वीं जयंती के मौके पर भाजपा की ओर से 29 जुलाई से समरसता संकल्प अभियान शुरू किया जाएगा। ये अभियान अगले साल 20 फरवरी तक चलेगा। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तरूण चुग ने बताया कि गुरू रविदास के जन्म स्थान वाराणसी में कल कलश पूजन होगा और शोभा यात्रा निकाली जाएगी।

प्रदेशभर में समरसता संकल्प अभियान के तहत हरि कीर्तन, सत्संग और विचार गोष्ठियां रखी जाएंगी।

000

अजमेर में आज से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और सामान्य फसल अनुमान सर्वेक्षण संबंधी राज्य स्तरीय प्रशिक्षण शुरू हुआ। चार दिन के इस प्रशिक्षण का आयोजन राजस्व मंडल में हो रहा है। मंडल निदेशक बीना वर्मा ने बताया कि इसमें राज्य के सभी 41 जिलों के सांख्यिकी विभाग और भू-अभिलेख शाखाओं के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण के माध्यम से जी.सी.ई.एस. पोर्टल पर फसल कटाई प्रयोग को सही रूप से दर्ज करने के बारे में बताया जाएगा।

000